महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय

(भारतीय संसद के अधिनियम के अधीन स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

प्रो0 संजीव कुमार शर्मा
कुलपति

प्रिय विद्यार्थी,

नमस्कार।

कुशली कुशलं कामये।

आशा है कि आप इस वैश्विक संकट के समय स्वस्थ, सुरक्षित एवं सानन्द होंगे तथा भारत सरकार के निर्देशानुसार सामाजिक दूरता बनाकर कोरोना आपदा का यथाशक्ति सामना कर रहे होंगे।

विगत तीन सप्ताह से अधिक समय से विश्वविद्यालय परिसर में कक्षाओं के स्थगित होने से उत्पन्न असुविधा से मैं पूर्णतया अवगत हूँ। मुझे आपके अध्ययन एवं अनुसंधान की भी अत्यन्त चिंता है। इसीलिए मैं स्वयं नियमित रूप से अपने शिक्षक मित्रों से सम्वाद करता रहा हूँ और उन्हें ऑनलाइन माध्यमों से आपसे निरन्तर सम्पर्क हेतु प्रेरित करता रहा हूँ। हमारे अनेक शिक्षक साथियों ने इस अवधि में गूगल हैंग आउट, जूम आदि अन्यान्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का समुचित उपयोग कर आपके पाठ्यक्रम तथा अध्ययन से सम्बन्धित सामग्री आप तक पहुँचाने का प्रयत्न किया है। अनेक शिक्षकों ने यू–ट्यूब चैनल पर ई–विमर्श योजना के अन्तर्गत व्याख्यान प्रसारित किए हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी सौ से अधिक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन्स उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त सभी छात्र–छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति को दृष्टिगत करते हुए विश्वविद्यालय निरन्तर नवीनतम उपलब्ध तकनीक तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए नवाचार के उपयोग तथा प्रवर्तन हेतु प्रयत्नशील है।

मेरा आपको सुझाव है कि कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट, यू–ट्यूब चैनल, ट्विटर हैण्डल, फेसबुक पेज, आदि के सम्पर्क में रहें तथा अपने शिक्षकों को फोन, सन्देश आदि के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों के सम्बन्ध में सम्बोधित करते रहें।

मुझे आशा ही नहीं प्रत्युत् पूर्ण विश्वास है कि समस्त भारतवर्ष अपनी समेकित सामर्थ्य एवं सामूहिक शक्ति से इस वैश्विक संकट का सामना कर सकेगा और विश्व को शान्ति का मार्ग प्रदर्शित करेगा।

आप अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए अपने इस कुलगुरु से सम्पर्क करने को स्वतंत्र हैं।

आपके और आपके परिवारजनों और समस्त बन्धु बान्धवों की मंगलकामनाओं सहित,

आपका अभिन्न।

(प्रो0 संजीव कुमार शर्मा)
कुलपति
महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय